भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
05.12.2013 को राज्य सभा में
पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 8.

देश में भारी जल के रिएक्टरों की स्थापना

8. श्रीमती रजनी पाटिल :
श्री के. सी. त्यागी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में भारी जल के रिएक्टरों की स्थापना करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हाँ, तो किन-किन राज्यों में भारी जल के रिएक्टरों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) क्या विद्युत उत्पादन के संबंध में भारी जल के रिएक्टरों की संख्या बढ़ने से पड़ने वाले प्रभाव के बारे में कोई आकलन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय
(श्री वी. नारायणसामी)

(क) जी, हाँ।

(ख) XIIवीं पंचवर्षीय योजना में हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में 700 मेगावाट क्षमता वाले आठ नए दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्ल्युआर्ज़) से संबंधित कार्य शुरु किए जाने की परिकल्पना की गई है।

(ग) वर्तमान में दाबित भारी पानी रिएक्टरों की क्षमता 4460 मेगावाट है, और 2800 मेगावाट क्षमता के रिएक्टर निर्माणाधीन हैं। XIIवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं को क्रमिक रूप से पूरा किए जाने पर, XIIIवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक/XIVवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारंभ में दाबित भारी पानी रिएक्टरों की कुल क्षमता के क्रमिक रूप से बढ़कर 12860 मेगावाट तक पहुँचने की आशा है।

* * * * * * *